**भारत सरकार**
**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय**
**(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2138**
**(दिनांक 12.03.2025 को उत्तर के लिए)**

## रोजगार मेला

**2138. श्री अरविंद गणपत सावंतः**

**श्री कुलदीप इंदौराः**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) रोजगार मेला पहल की मुख्य विशेषताएं और प्राथमिक उद्देश्य क्या हैं तथा सरकार का इसके माध्यम से बेरोजगारी की समस्या का समाधान किस प्रकार करने का विचार है;
(ख) रोजगार मेला कार्यक्रम की शुरूआत से लेकर अब तक इन आयोजनों द्वारा प्रदान की गई नौकरियों की अनुमानित संख्या कितनी है;
(ग) क्या सरकार ने रोजगार मेलों के माध्यम से रोजगार सृजन के लिए कोई विशिष्ट लक्ष्य या उद्देश्य निर्धारित किए हैं तथा इन लक्ष्यों को किस सीमा तक प्राप्त किया गया है;
(घ) व्यापक रोजगार तथा रोजगार चाहने वालों को दीर्घकालिक लाभ के संदर्भ में रोजगार मेलों के प्रभाव का ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या सरकार का महाराष्ट्र और राजस्थान सहित संपूर्ण देश में निकट भविष्य में रोजगार मेलों के आयोजन/शुरूआत करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है;
(च) महाराष्ट्र और राजस्थान सहित देश में पिछले तीन वर्षों के दौरान राज्यवार और जिलेवार कितने रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है तथा उनमें चयनित युवाओं की संख्या कितनी है; और
(छ) क्या सरकार का राजस्थान के श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में रोजगार मेले आयोजित करने का कोई विचार है?

**उत्तर**

**कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ.जितेन्द्र सिंह)**

(क) से (घ) माननीय प्रधानमंत्री ने 22 अक्टूबर, 2022 को रोजगार मेले का शुभारंभ किया। रोजगार मेला देश में रोजगार सृजन के लिए माननीय प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है।

उम्मीद है कि रोजगार मेला अधिकाधिक रोजगार सृजन में उत्प्रेरक की भांति कार्य करेगा और राष्ट्रीय विकास में युवाओं के सशक्तीकरण और भागीदारी के लिए उन्हें प्रत्यक्ष सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

नव नियुक्त उम्मीदवारों को केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/सार्वजनिक सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू)/स्वास्थ्य और शैक्षणिक संस्थानों सहित स्वायत्त निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) के प्रशासन आदि में समावेशित किया गया है। विभिन्न मंत्रालयों और विभागों ने देश

भर में लगभग 45-50 स्थानों पर रोजगार मेलों का आयोजन किया है, जिनमें कई लाख नव नियुक्त उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए हैं।

अब तक, राष्ट्रीय स्तर पर 14 रोज़गार मेला कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। रोज़गार मेलों के माध्यम से की गई भर्तियों के संबंध में आंकड़े, संबंधित मंत्रालयों/विभागों/केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसयू) द्वारा रखे जाते हैं।

रोजगार मेले की पहल ने विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के साथ-साथ सरकारी संगठनों को अपनी रिक्तियों को मिशन मोड में भरने में सक्षम बनाया है। इससे विभागों और संगठनों को विद्यालयों, अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों, पुलिस स्टेशनों और कर कार्यालयों आदि में उच्च गुणवत्ता युक्त नागरिक सेवाएं प्रदान करने में मदद मिली है। इससे हमारे रक्षा और सुरक्षा संगठनों को भी लाभ हुआ है जो हमारी सीमाओं और सामरिक परिसंपत्तियों की बेहतर ढंग से रक्षा करने में सक्षम होंगे।

(ङ) देश भर में समय-समय पर रोजगार मेले आयोजित किए जाते हैं।

(च) अब तक, महाराष्ट्र में 13 रोजगार मेले आयोजित किये जा चुके हैं तथा राजस्थान में विभिन्न स्थानों पर 12 रोजगार मेले आयोजित किये जा चुके हैं।

भर्तियों से संबंधित आंकड़े, संबंधित मंत्रालयों/विभागों/केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसयू) द्वारा रखे जाते हैं।

(छ) वर्तमान में, राजस्थान के श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में रोजगार मेले आयोजित करने का कोई विचार नहीं है।

******